संख्या- 6/2024/230/001-23-7-2024-23-7005-1-2024

प्रेषक,

रिपुंजय गुप्ता,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता बजट-क वर्ग,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ:दिनांक-12 मार्च, 2024

विषयः -वाद संख्या-139/2018 श्री शहजाद अली बनाम उ0प्र0 सरकार में मा0 न्यायालय सिविल जज प्रवर खण्ड/एफ0टी0सी0/ए0सी0जे0एम0 बहराइच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 23.08.2022 के क्रम में डिक्रीटल मद से धनावंटन उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्रांक-9573बी0जी0/209बी0(43)/2022-23, दिनांक 13.02.2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ कि आपके उपर्युक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव/आख्या पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ द्वारा वाद संख्या-139/2018 श्री शहजाद अली बनाम उ0प्र0 सरकार में मा0 न्यायालय सिविल जज प्रवर खण्ड/एफ0टी0सी0/ए0सी0जे0एम0 बहराइच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 23.08.2022 के अनुपालन में धनराशि रू0 16,28,507.00 (सोलह लाख अटठाईस हजार पांच सौ सात रूपये मात्र) का आवंटन डिक्रीटल मद से किये जाने की एतदद्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

नियम व शर्ते /प्रतिबन्धों

(1) सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारियों/अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बहराइच द्वारा अंतिम रूप से भुगतान करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि किसी अन्य योजना/मद से धनराशि का भुगतान पूर्व में याची को नहीं हुआ है।

(2) इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 16,28,507.00 (सोलह लाख अटठाईस हजार पांच सौ सात रूपये मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखा शीर्षक 5054808000301 न्यायालयों की डिक्री की धनराशियों के भुगतान हेतु व्यवस्था मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य (भारित) के नामे डाला जायेगा।

(3) यह आदेश वित्त) आय-व्ययक (अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी0-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17-मार्च, 2023 मे प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

आज्ञा से
रिपुंजय गुप्ता
अनु सचिव।

संख्या-6/2024/230/001-23-7-2024-23-7005-1-2024 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी, बहराइच।
3- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0 लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, बहराइच।
6- मुख्य अभियन्ता) मु0-1/2), लोक निर्माण उ0प्र0 लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता, देवीपाटन(गोण्डा) क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, गोण्डा।
8- अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लोक निर्माण विभाग, बहराइच।
9- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बहराइच।
10-वित्त(व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन।
11-लोक निर्माण अनुभाग-10, उ0प्र0 शासन।
12-गार्ड फाइल।

आज्ञा से
रिपुंजय गुप्ता
अनु सचिव